54वें IFFI अवार्ड 2023

- हाल ही में **गोवा** में आयोजित किए गए **54वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI)** में **गोल्डन पीकॉक** सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवार्ड **'एंडलेस बॉर्डर्स'** को प्रदान किया गया है।
- एंडलेस बॉर्डर्स एक **फारसी फिल्म** है जिसके निर्देशक **अब्बास अमीनी** है।
- यह फिल्म **अफगानिस्तान** में **तालिबान** के उदय से उत्पन्न उथल-पुथल के बीच एक ईरानी शिक्षक की कठिन यात्रा की कहानी है।

- **बुल्गारियाई** निर्देशक **स्टीफ़न कोमांडेरेव** को फ़िल्म **'ब्लागाज़ लेसन्स'** के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए **'सिल्वर पीकॉक'** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **'एंडलेस बॉर्डर्स'** में भूमिका के लिए **'पौरिया रहीमी सैम'** को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का **सिल्वर पीकॉक अवॉर्ड** प्रदान किया गया है।

- **फ्रांसीसी अभिनेत्री मेलानी थिएरी** को **पार्टी ऑफ फूल्स** के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए **सिल्वर पीकॉक अवॉर्ड** से सम्मानित किया गया है।
- फिल्म निर्माता **रेगर आजाद काया** ने **'व्हेन द सीडलिंग्स ग्रो'** के लिए निर्देशक की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता है।
- भारतीय फिल्मकार **ऋषभ शेट्टी** को कन्नड़ फिल्म **'कांतारा'** के लिए विशेष जूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का पुरस्कार **'पंचायत सीजन 2'** को प्रदान किया गया है।

- सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार: **माइकल डगलस (अमरीकी अभिनेता)।**

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023

- हाल ही में पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 का लोगो और शुभंकर **उज्ज्वला (एक गौरया)** नई दिल्ली में लॉन्च किया गया है।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण 10 से 17 दिसंबर तक **नई दिल्ली** में आयोजित किया जाएगा।
- खेल की **7 विधाओं** में देश भर से **1350 से अधिक प्रतिभागी** भाग लेंगे।

➔ प्रमुख खेलों के शुभंकर :-

- वुमेन एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 - **जूही**
- 37 वें राष्ट्रीय खेल (गोवा) – **मोगा**
- 36 वें राष्ट्रीय खेल 2022 (गुजरात) **– सावज**
- फीफा महिला विश्व कप 2023 (ऑस्ट्रेलिया व व न्यूजीलैंड) **– तजुनी**
- महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 (नई दिल्ली) **- वीरा (चीता)**
- 22वाँ फीफा विश्व कप 2022 (कतर) **– लाएब**
- **फीफा U-17** महिला विश्व कप 2022 (भारत) **– इभा**
- 22वाँ राष्ट्रमंडल खेल 2022 (बर्मिंघम, इंगलैंड) **- पेरी (बुल)**

यार्ड 12706 (इम्फाल)

- हाल ही में **रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह** ने **मणिपुर** के **मुख्यमंत्री श्री एन बीरेन सिंह** के साथ, **यार्ड 12706 (इम्फाल)** के शिखर का अनावरण किया।
- यह चार प्रोजेक्ट **15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल** विध्वंसकों में से **तीसरा** है।
- यह एक शक्तिशाली और बहु-उपयोगी प्लेटफॉर्म है।
- यह **सतह-से-हवा** में मार करने वाली मिसाइलों, पोत-रोधी मिसाइलों और **टॉरपीडो** सहित अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस है।

- इसे भारतीय नौसेना के **युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो** ने डिजाइन किया है।
- इसका निर्माण **मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड** (MDL) ने किया है।
- **प्रोजेक्ट 15B** पिछले दशक में नौसेना में शामिल किए गए कोलकाता श्रेणी के विध्वंसकों (प्रोजेक्ट 15A) का अनुवर्ती है।
- आईएनएस **विशाखापत्तनम प्रोजेक्ट 15B** का पहला पोत था। इस पोत को 2021 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।